भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.06.2024

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की छमाही बैठक में आरेडिका ने की सहभागिता**

नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति (नराकास) की छमाही बैठक बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, रायबरेली में सम्पन्न हुई जिसमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के उच्चाधिकारियों ने भाग लिया । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्रालय से श्री छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद उपस्थित रहे जिन्होने राजभाषा क्रियान्वयन की समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की ।

इसी के साथ ही नराकास, रायबरेली के तत्वाधान में एन.टी.पी.सी. ऊंचाहार, रायबरेली द्वारा आयोजित राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के प्रतिभागी सौरव सचान को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ । बैठक में आरेडिका, रायबरेली के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव, उप मुख्य वित्त सलाहकार एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. सत्य व्रत एवं सहायक सामग्री प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार आदि उपस्थित थे ।

01.6.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी